पत्रांक–1/ब0 1–11/2026–1552/

बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

प्रेषक,

**महमूद आलम,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

अवर सचिव (निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी)
कला एवं संस्कृति विभाग,
बिहार, पटना।

पटना दिनांक 14/10/2026

विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अंतर्गत निधि का आवंटन।

महाशय,

स्वीकृत्यादेश संख्या 489, 490 एवं 491 दिनांक 06.10.2026 तथा 492 दिनांक 08.10.2026 के आलोक में क्रमशः दिनांक 14 अगस्त, 2026 को अधिवेशन भवन, पटना में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के आयोजन में 25 VIP हाई टी एवं 100 पैकेट अल्पहार की आपूर्ति के निमित्त ₹ 23,100/–एवं श्रीमती सोमा चक्रवर्ती द्वारा किये गये उद्घोषण कार्य के निमित्त ₹ 10,000/–तथा स्टेज फ्लावर डेकोरेशन, कारपेंटिंग, 4 डायमेंशन गेट, स्टैण्डी, होर्डिंग, बैट्री, मोमबत्ती, तौलिया, झंडा आदि की आपूर्ति के निमित्त ₹ 2,86,178/–तथा दैनिक जागरण प्रकाशन लि0 द्वारा SWAAD कॉफी टेबल बुक प्रकाशन के निमित्त विभाग से प्रायोजक के रूप में ₹ 5,00,000/–मात्र वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–08 के अधीन राज्य स्कीम बजट शीर्ष 2205–कला एवं संस्कृति–102–कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन–0101–कला और संस्कृति का संवर्द्धन, विपत्र कोड 08–2205001020101 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 2002–कॉन्फरेंस, कार्यशाला, सेमिनार में तत्काल कुल राशि ₹ 8,19,278/–(आठ लाख उन्नीस हजार दो सौ अठहत्तर रूपये) मात्र का आवंटन निम्नांकित रूप से आपके निस्ताराधीन व्यय के लिए सौंपा जाता हैः–

| विषय शीर्ष | पूर्व आवंटन | तत्काल आवंटन | कुल आवंटन |
|---|---|---|---|
| 2002–कॉन्फरेंस, कार्यशाला, सेमिनार | ₹ 8,38,21,194 | ₹ 8,19,278 | ₹ 8,46,40,472 |
| योग– | ₹ 8,38,21,194 | ₹ 8,19,278 | ₹ 8,46,40,472 |

तत्काल आवंटित राशि ₹ 8,19,278/–(आठ लाख उन्नीस हजार दो सौ अठहत्तर रूपये) मात्र।

2 यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561/वि0 (2) दिनांक 17.04.98 एवं पत्रांक 236/वि0, दि0 09.03.2026 एवं 314/वि0 दिनांक 01.04.2026 एवं 380 दिनांक 20.04.2026 तथा 1148 दिनांक 18.09.2026 के आलोक में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित अधिसीमा 100 प्रतिशत के अन्तर्गत दिया जा रहा है।

3 राशि की निकासी एवं व्यय बिहार कोषागार संहिता, बिहार वित्तीय नियमावली, बिहार लोक निर्माण संहिता एवं वित्त विभाग द्वारा निर्गत संकल्पों, पत्रों के आलोक में किया जायेगा।

4 वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–12888 दि0 03.12.2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में राशि की स्वीकृति दी गई है।

5 प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

**(महमूद आलम)**
सरकार के संयुक्त सचिव।
पटना, दिनांक 14/10/2026

ज्ञापांक 2080/

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।
पटना, दिनांक 14/10/2026

ज्ञापांक 2081/

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय/लेखा शाखा/आई0 टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।